This question paper contains 4 printed pages]

NT (Main Examination)—2017

HINDI

Paper IV

Time : 1.30 *Hours* *Maximum Marks* : 50

Note :— सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. निम्नलिखित अवतरण का हिंदी में अनुवाद कीजिए : 10

Culture is learned from the people you interact with as you are socialized. Watching how adults react and talk to new babies is an excellent way to see the actual symbolic transmission of culture among people. Two babies born at exactly the same time in two parts of the globe may be taught to respond to physical and social stimuli in very different ways. For example, some babies are taught to smile at strangers, whereas others are taught to smile only in very specific circumstances.

2. निम्नलिखित गद्यांश की व्याख्या इस प्रकार कीजिए कि प्रमुख शब्दों के अर्थ, भाव–पल्लवन, लेखक का मंतव्य एवं पाठकीय प्रतिक्रिया व्याख्या में समाहित हो जाए : 10

जो समझता है कि वह दूसरों का उपकार कर रहा है वह अबोध है, जो समझता है कि दूसरे उसका अपकार कर रहे हैं वह भी बुद्धिहीन है। कौन किसका उपकार करता है, कौन किसका अपकार कर रहा है ? मनुष्य जी रहा है, केवल जी रहा है; अपनी इच्छा से नहीं, इतिहास–विधाता की योजना के अनुसार। किसी को उससे सुख मिल जाय, बहुत अच्छी बात है; नहीं मिल सका, कोई बात नहीं; परन्तु उसे अभिमान नहीं होना चाहिए। सुख पहुँचाने का अभिमान यदि गलत है, तो दुःख पहुँचाने का अभिमान तो नितरां गलत है।

(हजारीप्रसाद द्विवेदी)

3. निम्नलिखित पद्यांश की व्याख्या इस तरह कीजिए कि प्रमुख शब्दों के अर्थ, भाव–पल्लवन, लेखक का मंतव्य एवं पाठकीय प्रतिक्रिया व्याख्या में समाहित हो जाए : 10

मैं संपन्न आदमी हूँ है मेरे घर में टेलिविज़न

दिल्ली और बंबई दोनों के बतलाता है फ़ैशन

कभी–कभी वह लोकनर्तकों की तसवीर दिखाता है

हर इतवार दिखाता है वह बंबइया पैसे का खेल

गुंडागर्दी औ' नामर्दी का जिसमें होता है मेल
कभी-कभी वह दिखला देता है भूखा-नंगा इंसान
उसके ऊपर बजा दिया करता है सारंगी की तान

(रघुवीर सहाय)

4. निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** का अर्थ लिखते हुए उपयुक्त वाक्य-प्रयोग कीजिए : 8

(*i*) अपना उल्लू सीधा करना।

(*ii*) बेकार से बेगार भली।

(*iii*) आँखें चार होना।

(*iv*) डूबते को तिनके का सहारा।

(*v*) आपे से बाहर होना।

(*vi*) अधजल गगरी छलकत जाए।

5. निम्नलिखित में से किन्हीं छः वाक्यों के लिए **एक-एक** उपयुक्त शब्द लिखिए : 6

(*i*) जो संगीत का जानकार हो।

(*ii*) जिसकी कोई उपमा न हो।

(*iii*) जिसकी आशा न की गई हो।

(*iv*) जिसका अंत न हो।

(*v*) बिना वेतन के काम करने वाला।

(*vi*) जल में जनमने वाला।

(*vii*) युग का निर्माण करने वाला।

(*viii*) जिसकी आयु लंबी हो।

6. निम्नलिखित में से किन्हीं छः वाक्यों के शुद्ध रूप लिखिए : 6

(*i*) कृपया आप ही यह बताने का अनुग्रह करें।

(*ii*) मैं प्रात:काल के समय ही पढ़ता हूँ।

(*iii*) तुम्हें अपनी बात का स्पष्टीकरण करने के लिए तैयार रहना चाहिए।

(*iv*) अध्यापक ने हमसे लेख लिखाया।

(*v*) मेरे को ज़्यादा बोलना पसंद नहीं।

(*vi*) मुझे यह किताब ज़रूर पढ़ना है।

(*vii*) बकरियों का झुंड पानी की चाह में घूम रहा है।

(*viii*) इन हालातों में कुछ भी करना मुश्किल है।